संख्या- 2/844/18-2-2014-125(ल0उ0)/2014

प्रेषक

महेश कुमार गुप्ता
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

2- समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

3- आयुक्त एवं निदेशक,
उद्योग उ0प्र0 कानपुर ।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 लखनऊ - दिनांक 30 अक्टूबर, 2014

विषय-प्रदेश सरकार के प्रशासकीय विभागों में अम्बेसडर कार के स्थान पर किसी अन्य कार क्रय करने विषयक।

महोदय,

प्रदेश सरकार के प्रशासकीय विभागों में अभी तक शासकीय परिवहन हेतु अम्बेसडर कार क्रय की जाती रही है। वर्तमान में अम्बेसडर कार निर्माण यूनिट बन्द होने से प्रशासकीय विभागों के समक्ष यह समस्या उत्पन्न हो रही है कि विकल्प के रूप में कौन वाहन क्रय किया जाय। इस संबंध में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासकीय विभाग अम्बेसडर कार के स्थान पर डी0जी0एस0 एण्ड डी0 की दरों पर रू0 7.00 लाख मूल्य तक के वाहन वित्त विभाग की सहमति से क्रय कर सकते हैं।

2- इस संबंध में मुझें यह कहने का निदेश हुआ है कि क़पया उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु सभी संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय
(महेश कुमार गुप्ता)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष उ0प्र0।
4- सचिवालय के समस्त अनुभाग।
5- निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वह आगामी गजट में प्रकाशित करने का कष्ट करें एवं इस विज्ञप्ति की 1000 प्रतियां मुद्रित कराकर इस विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से
(एच0 एम0 झा)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in